**Kanoria**
**PG Mahila**
**Mahavidyalaya**
**Jaipur**

Ref. No. 25-26/2907

Date 30/3/26

प्रतिष्ठार्थ,

सेवा में
श्रीमान एसएलओ
सचिवालय,
जयपुर (राज.)

**विषय : महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन 2025–26 प्रेषित करने हेतु।**

महोदय,

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन 2025–26 प्रस्तुत कर रहे है। इस वर्ष में किये गये प्रमुख कार्यक्रम, अभियानों की विस्तृत जानकारी इस रिर्पाट में आपको सूचनार्थ पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

सधन्यवाद।

संलग्नक– उपर्युक्तानुसार

भवदीया,

Seema

(डॉ. सीमा अग्रवाल)
प्राचार्य

Principal
Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
JAIPUR

# National Service Scheme

# Annual Report

## Academic Session 2025-26

## Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya

Gandhi Circle, JLN Marg, Jaipur- 302015, Rajasthan
Contact: 0141-2706672/ 2707539 / 7849834609
E-Mail: info@kanoriacollege.in Website: www.kanoriacollege.in

**Programme Officers**

**Unit RJ08-395-07**
**Dr. Aanchal Puri**
Assistant Professor
Dept. of Business Administration
Contact: 80056 85828
**Dr. Renu Shaktawat**
Assistant Professor
Dept. of Geography

**Unit RJ08-396-07**
**Dr. Vijaylaxmi Gupta**
Assistant Professor
Dept. of Economics
Contact: 77908 66790
**Ms. Mahima Ramchandani**
Assistant Professor
Dept. of Psychology

**कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**

## **1.** <u>एच.आई.वी./एड्स जागरूकता सत्र-</u>

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में दिनांक **10 जुलाई 2025** को एच.आई.वी./एड्स विषय पर एक दिवसीय पीयर एजुकेटर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह आयोजन रेड रिबन क्लब एवं राजस्थान राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (RSACS) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को




एच.आई.वी./एड्स से संबंधित वैज्ञानिक तथ्यों, व्यवहारिक पहलुओं एवं सामाजिक मिथकों के बारे में जागरूक करना और उन्हें एक पीयर एजुकेटर के रूप में प्रशिक्षित करना रहा, ताकि वे अपने साथियों को भी सही जानकारी देकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्रीमती गरिमा भाटी, सहायक निदेशक (युवा मामले), चिकित्सा निदेशालय, रहीं। उन्होंने यौन स्वास्थ्य, सुरक्षित यौन व्यवहार, संक्रमण के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं समय पर जांच की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा करते

हुए कहा एच.आई.वी./एड्स से जुड़ी भ्रांतियाँ केवल वैज्ञानिक समझ, संवाद एवं समुचित जानकारी से ही दूर की जा सकती हैं।

छात्राओं को पीयर एजुकेटर के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा अपने समकक्ष साथियों के बीच संवाद स्थापित कर समाज में बदलाव का वाहक बन सकते हैं। उन्होंने एच.आई.वी. की रोकथाम, परामर्श सेवाएँ, टेस्टिंग केंद्रों और हेल्पलाइन 1097 की जानकारी भी साझा की। सेक्स एजुकेशन, लिव-इन रिलेशनशिप और एलजीबीटीक्यू (LGBTQ) समुदाय के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजस्थान नेटवर्क फॉर पीपल लिविंग विथ एचआईवी/एड्स के पूर्व अध्यक्ष श्री बृजेश दुबे ने अपनी निजी अनुभव साझा करते हुए कहा एच.आई.वी. पॉजिटिव होने पर व्यक्ति किन मानसिक, सामाजिक और शारीरिक दौर से गुजरता है, यह केवल वही समझ सकता है। यह न केवल कानून बल्कि मानवता के भी खिलाफ है कि ऐसे लोगों से भेदभाव किया जाए ।



महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा शिक्षण संस्थान न केवल ज्ञान अर्जन के केंद्र हैं, बल्कि सामाजिक चेतना और उत्तरदायित्व निर्माण के भी सशक्त माध्यम हैं। महाविद्यालय उप प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापिकाएं उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन रेड रिबन क्लब संयोजिका डॉ. आंचल पुरी ने किया । सत्र के दौरान छात्राओं ने विषय से जुड़ी अनेक जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं, जिनका

समाधान विशेषज्ञों ने सरल भाषा और वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से किया कार्यक्रम मे 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा की भूमिका रही ।






## 2. निःशुल्क पौधा वितरण अभियान-

दिनांक **19 जुलाई, 2025** को महाविद्यालय के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए निःशुल्क पौधा वितरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा आयुक्त श्री ओ.पी. बैरवा रहे।






GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Auditorium, Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302007, India,
Jaipur, Rajasthan , India
Lat 26.88569° Long 75.81071°
19/07/2025 10:58 AM GMT +05:30




इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ***11 हजार पौधारोपण व वितरण*** का संकल्प लिया गया। निदेशक डॉ. रशिम चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्य अतिथि बैरवा ने पौधारोपण कर इसका शुभारंभ किया।

इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

## 3. रक्षाबन्धन-

8 अगस्त 2025, कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा रक्षाबन्धन के पर्व पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, गांधीनगर पुलिस थाना एवं ट्रैफिक पुलिस से पुलिसकर्मियों को आमंत्रित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने रक्षासूत्र बांधकर उन्हें रक्षाबन्धन के पवित्र पर्व पर सस्नेह अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से सभी पुलिसकर्मियों द्वारा महाविद्यालय को सदैव सतत् सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयंसेविकाओं ने स्नेहपूर्वक सभी महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में मेंहदी लगाकर व सभी को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का पर्व मनाया।




Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
Jaipur
VISION
Principals

कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की मंजू चौधरी जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें हमेशा अपने आप पर भरोसा रखने व अपने हक के लिए सचेत रहने को कहा। गांधीनगर थाने की एसआई राजकुमारी जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए यह विश्वास दिलाया कि पुलिस भी आमजन की तरह ही है, व हमेशा लोगों की मदद करने हेतु समर्पित है। स्वयंसेविकाओं को पुलिस सेवा में अपना करियर बनाने के लिए भी उन्होंने प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, महिमा रामचन्दानी एवं चारूल शर्मा ने किया।



## 4. अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस-

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने **12 अगस्त, 2025** को जयपुर के ओटीएस ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में रेड रिबन क्लब (RRC)/एनएसएस के बैनर तले सक्रिय भागीदारी की।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें स्थानीय विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना था, जो वैश्विक थीम "स्थानीय युवाओं की पहल – सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) और उससे आगे" के अनुरूप आयोजित किया गया।

समारोह में विभिन्न गतिविधियाँ, चर्चाएँ और पहलें शामिल थीं, जिनका उद्देश्य युवाओं की भूमिका को उजागर करना और सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की प्राप्ति में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामुदायिक सेवा, सतत विकास, तथा सामाजिक बदलाव के लिए नेतृत्व करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।



## 5. प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान-

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय इस अभियान **(28 अगस्त से 29 अगस्त 2025)** प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन किया गया।






इस अभियान के तहत 50 किलो से भी ज्यादा प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया । इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और उसे पुनः उपयोग के लिए एकत्रित करना था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य  समाज को यह संदेश देना था कि “यूज्ड प्लास्टिक कचरा नहीं है, यह पुनः उपयोग योग्य है।“ इस पहल से यह स्पष्ट किया गया कि प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण किया जाए तो यह पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के बजाय उपयोगी बन सकता है।



छात्राओं और स्टाफ को प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने घरों से उपयोग की हुई प्लास्टिक की बोतलें और अन्य प्लास्टिक सामग्री इस अभियान में जमा करें। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के महत्व को समझाया। "यूज्ड प्लास्टिक को कचरे में न फेंके, उसे पुनः उपयोग में लाएं" जैसे नारे लगाए गए। एकत्रित प्लास्टिक सामग्री को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ताकि इसे सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण के लिए भेजा जा सके । बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें, पॉलिथीन और अन्य प्लास्टिक सामग्री एकत्र की गई। इन सामग्रियों को आगे पुनर्चक्रण केंद्र भेजने की व्यवस्था की गई।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया इस अभियान ने छात्राओं और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ा और प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया एवं इस पहल से न केवल प्लास्टिक कचरा कम हुआ, बल्कि पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी उठाया गया।महाविद्यालय की यह पहल अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी ।QAC कोऑर्डिनेटर डॉ. सारिका कौल ने कहा कि यह गतिविधि स्वच्छता एवं सतत विकास (Sustainable Development) के लक्ष्यों की दिशा में छात्राओं के योगदान को और मजबूत करेगी। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ.विजय लक्ष्मी गुप्ता डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा की सक्रिय भूमिका रही ।

## 6. एक दिवसीय विशेष शिविर एवं ओरिएंटेशन सत्र-

**06 सितम्बर 2025** को कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर एवं ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस शिविर में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से नेत्रदान जागरूकता शिविर, सेंटर फॉर साइट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर तथा माय भारत पोर्टल पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है, जिससे व्यक्तियों को नई रोशनी मिल सकती है और ऐसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी ने प्रतिभागियों को नेत्रदान प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर आई बैंक सोसाइटी जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती उषा बाफना एवं कार्यकारी सदस्य श्री सौरभ कोंसुल ने कॉर्निया ट्रांसप्लांट के बारे में बताया एवं अनुभव साझा किए तथा नेत्रदान पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।




नेत्रदान का संकल्प करना
हुआ अब आसान
7375 855 855


नेत्रदान का संकल्प
हुआ अब आसान
7375 855 85
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Main Campus, Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya, Jawahar Lal Nehru Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885484° Long 75.81133°
06/09/2025 10:14 AM GMT +05:30
Google

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सेंटर फॉर साइट के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आंखों की जांच कर नेत्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया, जिसमें सेंटर फॉर साइट के दिलीप कुमार धर्माणी का विशेष सहयोग रहा।



माय भारत पोर्टल पर नए पंजीकृत स्वयंसेविकाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु शक्तावत द्वारा प्रदान किया गया और पंजीकरण के बाद कार्यक्रम अधिकारी महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा ने विवरण का सत्यापन किया। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी एवं डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता ने छात्राओं को ओरिएंटेशन सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया और नेत्रदान के बारे में जागरूक किया। इस शिविर में छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं महाविद्यालय कर्मचारियों ने निःशुल्क आंखों की जांच कराई, नेत्र स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर 450 लोग लाभान्वित हुए।



## 7. युवा संवाद – महिला सशक्तिकरण : विकसित भारत-

**12 सितम्बर 2025** कनोड़िया पी जी महिला महाविद्यालय द्वारा राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार एवं यूनिसेफ के सहयोग से "युवा संवाद – महिला सशक्तिकरण: विकसित भारत @2047 की प्रेरक शक्ति" विषय पर परिचर्चा एवं टॉक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब समाज के हर स्तर पर महिलाएं सशक्त होंगी। उच्च शिक्षा संस्थान इस दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं, जहाँ छात्राओं को नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणा मिलती है।




WOMEN'S EMPOWERMENT
Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
Jaipur
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT CODES
RJ-08-395-08
RJ-08-396-09
डॉ. सीमा अग्रवाल


COMPUTER CENTRE




मुख्य अतिथि डॉ. नीरज के. पवन (प्रमुख शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान युवा बोर्ड) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नीतियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में व्यवहारिक रूप से लागू करना आवश्यक है। इस अवसर पर श्री कैलाश चंद पहाड़िया (सदस्य सचिव, राजस्थान युवा बोर्ड), श्रीमती निधि जैन (यूएनएफपीए समन्वयक) एवं श्री धमेंद्र (यूनिसेफ राज्य परामर्शदाता) ने भी महिला नेतृत्व, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्यमिता जैसे विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। टॉक शो के दौरान छात्र-छात्राओं ने महिला नेतृत्व, उद्यमिता, समानता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषयों पर विचार-विमर्श किया और विकसित भारत @2047 की परिकल्पना के लिए सुझाव प्रस्तुत किए।

इसी क्रम में पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान सारा जहाँ ने, द्वितीय स्थान प्रांजलि शर्मा ने तथा तृतीय स्थान आइशा ने प्राप्त किया। सत्र एवं प्रतियोगिता का संचालन डॉ. रेणू शक्तावत द्वारा किया गया। समापन सत्र में डॉ विजय लक्ष्मी गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर 100 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की तथा एक साझा संकल्प लिया कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा की सक्रिय भूमिका रही ।



## 8. यूनिसेफ मन दर्पण  कार्यक्रम-

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना  की चारों इकाइयों एवं यूनिसेफ मन दर्पण  कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में **13 सितम्बर से 20 सितम्बर** 2025 तक सात दिवसीय विविध गतिविधियों से युक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत 13 सितम्बर को "जीवन को स्वस्थ, सशक्त जीएं : साथ मिलकर कल्याण को बढ़ावा देना" विषय पर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शुचि चौधरी के प्रेरणादायी व्याख्यान से हुई, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य, सजगता, सकारात्मक पुष्टियों और आत्महत्या रोकथाम पर विशेष चर्चा की गई।

अगले दिन 14 सितम्बर को निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य और किशोर सशक्तिकरण विषय पर अपने विचारों और कला को अभिव्यक्त किया।

15 सितम्बर को समूह चर्चा और रोल प्ले के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मित्रता और पारिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर प्रतिभागियों ने सक्रिय संवाद किया। 16 सितम्बर को योग एवं ध्यान सत्र रखा गया, जिसमें छात्राओं ने मानसिक शांति और आत्म-अनुशासन के लिए विभिन्न आसनों और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास किया।




GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Main Campus, Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya, Jawahar Lal Nehru Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885487° Long 75.81131°
13/09/2025 12:29 PM GMT +05:30
Google


Happiness
Hub
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
A Five Year Law College For Girls Address: Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Campus, Near Gandhi Circle, Vrp6+4rp, Jawahar Lal Nehru Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885359° Long 75.812173°
16/09/2025 01:08 PM GMT +05:30
Google




17 सितम्बर को मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया और उसके बाद विचार-विमर्श सत्र ने प्रतिभागियों को विषय की गहराई से समझ विकसित करने में मदद की। 18 सितम्बर को छात्राओं ने "स्वस्थ मन, स्वस्थ जीवन" जैसे नारों के साथ रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाया तथा पंपलेट्स वितरण के माध्यम से समाज में संदेश पहुँचाया।




GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vrp6+4rp कानोडिया कॉलेज वाटिका, A Five Year Law College For Girls Address: Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Campus, Near Gandhi Circle, Jawahar Lal Nehru Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885379° Long 75.811676°
18/09/2025 01:22 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885152° Long 75.811757°
19/09/2025 11:32 AM GMT +05:30
Google

20 सितम्बर को समापन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को शैक्षणिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सात दिवसीय इस कार्यक्रम ने छात्राओं को न केवल मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया बल्कि उन्हें एक सशक्त, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की दिशा में भी अग्रसर किया।






# 9. <u>ब्लड डोनेशन ड्राइव-</u>

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा दिनांक **17 सितम्बर, 2025** को ब्लड डोनेशन ड्राइव- "रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0" का आयोजन किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, जयपुर के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जीवन रक्षा के लिए एक अमूल्य योगदान है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि "रक्तदान वास्तव में महादान" है।



यह केवल जीवन बचाने का माध्यम नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक भी है। छात्राओं को चाहिए कि वे निरंतर ऐसे मानवीय अभियानों में सहभागी बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करें। इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा का योगदान रहा। इन सभी ने छात्राओं को समाजसेवा और जनकल्याण की भावना से सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।





राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
MEGA BLOOD DONATION DRIVE
"WORLD'S BIGGEST CAMPAIGN"
RAKTDAN AMRIT
MAHOTSAV 2.0
17th SEPTEMBER, 2025
TERAPANTH YUVAK PARISHAD,
GPS Map Camera
Jaipur,Rajasthan,India
Kanoria pg mahila mahavidyala jawahar circle
Bapu nagar Jaipur, Jaipur, Rajasthan , India
Lat 26.885677, Long 75.812050
09/17/2025 12:00 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

## 10. “नमो प्रदर्शनी” का भ्रमण-




18 सितंबर 2025 को 200 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने “नमो प्रदर्शनी” का भ्रमण किया।

# 11. राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस-

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पूर्ण हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया स्वयंसेविकाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।






## 12. द्वितीय एक दिवसीय शिविर-

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की चारों इकाइयों द्वारा दिनांक **26 सितम्बर 2025** को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की भावना तथा सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। शिविर के अंतर्गत छात्राओं ने सर्वप्रथम आमेर का भ्रमण किया।

आमेर किला और उसके परिसर की स्थापत्य कला तथा ऐतिहासिक महत्व को जानकर छात्राओं ने राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं से सीधा जुड़ाव महसूस किया। इसके पश्चात छात्राएँ अल्बर्ट हॉल म्यूजियम मे प्राचीन शिल्पकला, दुर्लभ कलाकृतियाँ, पेंटिंग्स और ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रोत्साहित किया ।शिविर के दौरान छात्राओ ने स्वच्छता अभियान चलाकर आमेर और अल्बर्ट हॉल परिसर की साफ-सफाई में योगदान दिया एवं छात्राओं ने नशा मुक्ति पर जागरूकता अभियान चलाया।




राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Building, Jaigarh Fort, Devisinghpura, Amer, Rajasthan 302028, India, Jaipur, Rajasthan 302028, India
Lat 26.986341° Long 75.850764°
26/09/2025 10:08 AM GMT +05:30
Google


राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोडिया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Building, Jaigarh Fort, Devisinghpura, Amer, Rajasthan 302028, India, Jaipur, Rajasthan 302028, India
Lat 26.986341° Long 75.850766°
26/09/2025 10:08 AM GMT +05:30
Google


राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोडिया पी. जी.
महिला महाविद्यालय

स्वयं द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों के माध्यम से उन्होंने समाज को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का प्रेरणादायक संदेश दिया शिविर के अंत में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक “विकसित भारत युवा क्विज़” प्रतियोगिता में भाग लिया। इस एक दिवसीय शिविर के आयोजन और संचालन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत ‘ महिमा रामचंदानी एवं चारूल शर्मा की सक्रिय भूमिका रही ।



# 13. प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन-

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 29 सितम्बर 2025 को प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 65 किलो से भी ज्यादा प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को पुनर्नवीनीकरण एवं पुनर्चक्रण के लिए दिया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उसे पुनः उपयोग हेतु एकत्रित करना था और समाज को यह संदेश देना था कि ‘‘यूज्ड प्लास्टिक कचरा नहीं है, यह पुनः उपयोग योग्य है।‘‘ इस पहल से यह स्पष्ट किया गया कि प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण किया जाए तो यह पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के बजाय उपयोगी बन सकता है।






महाविद्यालय की छात्राओं के साथ सभी स्टाफ को भी प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने घरों से उपयोग की हुई प्लास्टिक की बोतलें और अन्य प्लास्टिक सामग्री इस अभियान में जमा करें। स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के महत्व को समझाया। "यूज्ड प्लास्टिक को कचरे में न फेंके, उसे पुनः उपयोग में लाएं" जैसे नारे लगाए गए। एकत्रित प्लास्टिक सामग्री को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ताकि इसे सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण के लिए भेजा जा सके। बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें, पॉलिथीन और अन्य प्लास्टिक सामग्री एकत्र की गई। इन सामग्रियों को आगे पुनर्चक्रण केंद्र भेजने की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया इस अभियान ने छात्राओं और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ा और प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया। इस पहल से न केवल प्लास्टिक कचरा कम हुआ, बल्कि पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी उठाया गया। महाविद्यालय की यह पहल अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी।

# 14. प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन-

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यूएसी) एवं एन.एस.एस. इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत 35 किलो से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र कर पुनर्चक्रण हेतु बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि इन अभियानों से छात्राओं एवं स्टाफ में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित हुआ।



## 15. विकसित भारत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता-

11 अक्टूबर 2025 को भाजपा कार्यालय में आयोजित विकसित भारत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में 15 एनएसएस स्वयं सेविकाओ ने भाग लिया।







भारतीय जनता पार्टी
राजस्थान
VIKSHIT BHARAT
भाजपा

# 16. तृतीय एक दिवसीय शिविर-





कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 120 स्वयंसेविकाओं ने जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित "नवीन आपराधिक कानून–2023 (क्रियान्वयन व जागरूकता प्रदर्शनी)" का अवलोकन किया। "नव विधान – न्याय की नई पहचान" (13 से 18 अक्टूबर 2025) शीर्षक से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा किया गया, जिसमें राजस्था न सरकार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधि मंत्री, मुख्य सचिव एवं न्यायाधीश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का
स्वागत
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


श्री अमित शाह
विधान- न्याय की नई पहचान
GPS Map Camera
Check In
Jaipur, Rajasthan, India
Qrmg+3qr Jecc, Sitapura Industrial Area, Sitapura,
Jaipur, Rajasthan 302022, India
Lat 26.782592° Long 75.826938°
13/10/2025 10:38 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Check In
Jaipur, Rajasthan, India
Qrmg+3qr Jecc, Sitapura Industrial Area, Sitapura,
Jaipur, Rajasthan 302022, India
Lat 26.782747° Long 75.826933°
13/10/2025 10:30 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Check In
Jaipur, Rajasthan, India
Qrmg+3qr Jecc, Sitapura Industrial Area, Sitapura,
Jaipur, Rajasthan 302022, India
Lat 26.782661° Long 75.826865°
13/10/2025 10:32 AM GMT +05:30
Google


चाँद्रोलिया भवन
चाँदोलिया परिवार आपका
हार्दिक स्वागत करता
॥ है ॥
12 अप्रेल 2025
चाँद्रोलिया किराना स्टोर




चाँदोलिया भवन
चाँदोलिया किराना स्टोर
चाँदोलिया परिवार आपका
हार्दिक स्वागत करता
।। है ।।
12 अप्रैल 2025


चाँदोलिया भवन
चाँदोलिया किराना स्टोर



प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों को नवीन आपरा धिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं, उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया एवं न्याय प्रणाली में उनके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसी दिन पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एन.एस.एस. इकाइयों ने झालाना बस्ती का भ्रमण कर वहाँ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया । स्वयंसेविकाओं ने बस्तीवासियों को स्वच्छता,कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर बस्ती निवासी श्री राजेन्द्र जी का विशेष सहयोग रहा।

## 17. पूर्व-गणतंत्र दिवस परेड के लिए ट्रायल कार्यक्रम-

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर द्वारा 17 अक्टूबर 2025 एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत पूर्व-गणतंत्र दिवस परेड के लिए ट्रायल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन स्वयंसेविकाओं का चयन करना था जो आगामी 28 अक्टूबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय, जयपुर में होने वाले प्री-गणतंत्र दिवस परेड ट्रायल में भाग लेंगी। स्वयंसेविकाओं का सभी मापदंडों पर मूल्यांकन (आकंलन) किया गया, जिसमें उनकी शारीरिक दक्षता, अनुशासन और प्रस्तुति को विशेष रूप से देखा गया।




BOXING


BOXING

## 18. <u>यूनिटी मार्च अभियान-</u>

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यूनिटी मार्च अभियान' के अंतर्गत कनोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई की लगभग 200 छात्राओं ने 31 अक्टूबर, 2025 को जयपुर में आयोजित "एकता मार्च" में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह मार्च गांधी सर्किल से प्रारंभ होकर बिड़ला मंदिर सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल होते हुए अमर जवान ज्योति (सवाई मानसिंह स्टेडियम) तक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता शपथ ली, देशभक्ति के नारे लगाए और सरदार पटेल के आदर्शों पर आधारित पोस्टर व बैनर के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति, एकता और सेवा भावना को सशक्त बनाना था। सरदार पटेल के योगदान और उनके नेतृत्व में देश के एकीकरण के ऐतिहासिक कार्य को स्मरण करते हुए छात्राओं ने उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संकल्प लिया। यह आयोजन पूर्णतः सफल और प्रेरणादायक रहा, जिसमें कनोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने अनुशासन, उत्साह और सेवा भावना से राष्ट्रीय एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।






राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
NATIONAL SERVICE SCHEME



## 19. एक दिवसीय सम्भाग स्तरीय कार्यशाला (जयपुर एवं दौसा सम्भाग)

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की एन.एस.एस. इकाई ने एस. एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर, जयपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सिक्योरिटी" विषय पर "डिजिटल युग में सशक्त युवा – साक्षरता, सुरक्षा और सेवा" थीम के अंतर्गत एक दिवसीय सम्भाग स्तरीय कार्यशाला (जयपुर एवं दौसा सम्भाग) में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यशाला दिनांक 4 नवम्बर 2025 को सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना तथा डिजिटल साक्षरता का विकास करना था।



इस कार्यक्रम में प्रत्येक संस्थान के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक एवं प्रत्येक इकाई से एक-एक स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। विभिन्न सत्रों में राष्ट्रीय सेवा योजना की उद्देशिका, सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास तथा विशेष रूप से "युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता – डिजिलॉकर और माई भारत पोर्टल" जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कानोड़िया महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने समूह चर्चा, प्रस्तुतीकरण एवं प्रश्नोत्तर सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचार साझा किए तथा कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्कृष्ट सहभागिता प्रदर्शित की।




श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा समिति, जयपुर


स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा समिति,
एस. एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर, जयपुर
एवं


श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा समिति, जयपुर


श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा समिति, जयपुर
Cyber Crime Prevention Against Women & Girls (CCPWG Scheme)


श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा समिति, जयपुर
मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सिक्योरिटी


एस. एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर, जयपुर
एवं
राष्ट्रीय सेवा योजना, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सिक्योरिटी


स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा
एस. एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर, जयपुर
एवं
राष्ट्रीय सेवा योजना, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
द्वारा आयोजित


स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्ष
एस. एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर, जयपुर
एवं
राष्ट्रीय सेवा योजना, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
द्वारा आयोजित
मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सिक्योरिटी
GPS Map Camera
Check In
Jaipur, Rajasthan, India
1, Prabhu Dayal Marg, Near Sanganer Airport,
Maruti Nagar, Jaipur, Rajasthan 302029, India
Lat 26.819952° Long 75.813724°
Tuesday, 04/11/2025 10:48 AM GMT +05:30
Google


श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा
नशे के प्रकार (Types of Addictions)
शारीरिक नशे: शराब, तंबाकू, गुटखा, अफीम, चरस, गांजा, ड्रग्स आदि
मानसिक नशे: मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया, गेमिंग आदि
व्यवहारगत नशे: जुआ, सट्टा, खरीदारी आदि


श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सुबोध शिक्षा समिति,
एस. एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर, जयपुर
एवं
राष्ट्रीय सेवा योजना, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
मेरा युवा भारत - डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सिक्योरिटी



NSS
ONE DAY WORKSHOP 2025
GPS Map Camera
Check In
Jaipur, Rajasthan, India
1, Prabhu Dayal Marg, Near Sanganer Airport, Maruti Nagar, Jaipur, Rajasthan 302029, India
Lat 26.819948° Long 75.81375°
Tuesday, 04/11/2025 01:01 PM GMT +05:30
Google

## 20. <u>सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन-</u>

दिनांक: 7 नवम्बर 2025, वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर जयपुर स्थित एस.एम.एस. स्टेडियम में एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के विद्यार्थी, एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय सांस्कृतिक गौरव की भावना को सुदृढ़ करना था। इस ऐतिहासिक अवसर पर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, ज एन.एस.एस. इकाई की ओर से कुल 432 स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, जिसे सभी स्वयंसेविकाओं ने अत्यंत उत्साह, गर्व और देशभक्ति के भाव से सुना। उन्होंने देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस प्रसारण के साथ ही पूरा स्टेडियम "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के नारों से गूंज उठा।सामूहिक गायन के दौरान हजारों विद्यार्थियों ने एक स्वर में "वंदे मातरम्" का गायन किया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया।




X-24
X-25
X-26








Nov 7, 2025, 08:37



# 21. वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन-

14 नवम्बर 2025 ,कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की एन.एस.एस. इकाइयों एवं स्वयंसेविकाओं ने 14 नवम्बर 2025 को बाल दिवस के अवसर पर कानोड़िया के परिसर में ही आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का विषय "बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव" था, जिसमें प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा प्रस्तुत की।




Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Jaipur
कानोड़िया पी जी महिला महाविद्यालय, जयपुर
Kanoria School of Law for Women, Jaipur
Approved by Bar Council of India
Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur
GATE NO. 1
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
C 86 Nand Kishor Pareekh Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.88602° Long 75.812687°
Friday, 14/11/2025 01:39 PM GMT +05:30
Google


Kanoria PG Mahila Mahav
कानोड़िया पी जी महिला मह
Kanoria School of Law for Women, Jaipur
Approved by Bar Council of India
Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur
GATE NO. 1
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय

## 22. प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन-

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में आंतरिक गुणवत्ता आष्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 20 नवम्बर ,2025 से 22 नवम्बर, 2025 तक प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 25 किलो से भी ज्यादा प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को पुनर्नवीनीकरण एवं पुनर्चक्रण के लिए दिया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उसे पुनः उपयोग हेतु एकत्रित करना था और समाज को यह संदेश देना था कि "यूज्ड प्लास्टिक कचरा नहीं है, यह पुनः उपयोग योग्य है।" इस पहल से यह स्पष्ट किया गया कि प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण किया जाए तो यह पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के बजाय उपयोगी बन सकता है। महाविद्यालय की छात्राओं के साथ सभी स्टाफ को भी प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने घरों से उपयोग की हुई प्लास्टिक की बोतलें और अन्य प्लास्टिक सामग्री इस अभियान में जमा करें। स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के महत्व को समझाया। "यूज्ड प्लास्टिक को कचरे में न फेंके, उसे पुनः उपयोग में लाएं" जैसे नारे लगाए गए।




KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA, JAIPUR
An initiative of the
INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL
&
NATIONAL SERVICE SCHEME
Plastic Waste
Collection Drive
20-11-2025 to 22-11-2025
Venue: Outside NSS Room
Time: 10 AM to 11:30 AM
USED PLASTIC is not waste.
It is RECYCLABLE.

एकत्रित प्लास्टिक सामग्री को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ताकि इसे सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण के लिए भेजा जा सके। बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें, पॉलिथीन और अन्य प्लास्टिक सामग्री एकत्र की गई। इन सामग्रियों को आगे पुनर्चक्रण केंद्र भेजने की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया इस अभियान ने छात्राओं और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ा और प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया। इस पहल से न केवल प्लास्टिक कचरा कम हुआ, बल्कि पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी उठाया गया। महाविद्यालय की यह पहल अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी।




राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
bottles change
SURVEKSHAN
2024
WASTE COLLECTION VEHICLE
Download our app now

## 23. <u>राज्य स्तरीय बहु-हितधारक परामर्श बैठक-</u>

**यूनिसेफ (For Every Child), चाइल्ड रिसोर्स सेंटर HCM RIPA तथा बाल अधिकार विभाग के संयुक्त सहयोग से** 20-21 नवंबर 2025 को कृष्णा पुरी भवन, HCM RIPA, जयपुर में “लड़कों के साथ कार्य कर लैंगिक समानता की दिशा में” विषय पर राज्य स्तरीय बहु-हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में  कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। प्रतिभागियों ने लैंगिक समानता, बाल अधिकारों तथा किशोर बालकों के दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाने से जुड़े विभिन्न सत्रों, चर्चाओं और संवादों में भाग लेकर महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित किया और कार्यक्रम के उद्देश्य को सफल बनाने में सार्थक योगदान दिया।




सामग्री का नामः- चर्चा करें :
1. यह सामग्री किस के लिए है?
2. इसें क्यों तैयार किया गया है?
3. इसका उपयोग कब करें?
4. इसका उपयोग कैसे करें?
5. उपयोग करते समय किन बातों का ध्यान
6. इसके उपयोग से क्या हो सकता है




सहयोगी
मैं






राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों के साथ काम करते हुए कार्यक्रम विस्तार और सिस्टम सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास










कृष्ण पुरी भवन
State Level Multi-Stakeholder Consultation
on Working with Boys for Gender Equality
Organised By
Child Resource Centre
In Partnership with UNICEF, Rajasthan and Department for Child Rights
November 20 – 21, 2025

## 24. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी कार्यक्रम-

24 नवंबर 2025 को एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में आयोजित **खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी कार्यक्रम में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयों** की स्वयंसेविकाओं द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने अपने उत्साह और सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोडिया पी जी
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vqwx+6xw Amar Jawan Jyoti, Jan Path, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.896023° Long 75.804419°
Monday, 24/11/2025 03:44 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vrv3+h8x, Janpath, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.893933° Long 75.804103°
Monday, 24/11/2025 06:37 PM GMT +05:30
Google

# 25. रक्तदान शिविर एवं विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों, रेड रिबन क्लब एवं एचडीएफसी बैंक, परिवर्तन संस्था, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 3 दिसंबर 2025 को रक्तदान शिविर एवं विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं, वॉलंटियर्स तथा स्टाफ को रक्तदान के महत्व और एच.आई.वी-एड्स से संबंधित जागरूकता प्रदान करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोत्तम सेवा है और युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु आगे आना चाहिए। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर सभी के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा पोस्टर निर्माण, पेंटिंग, फेस पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



एचआईवी-एड्स के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कॉलेज परिसर में छात्राओं, वॉलंटियर्स और स्टाफ द्वारा एक मानव शृंखला भी बनाई गई, जिसने 'एड्स मुक्त समाज' का सशक्त संदेश दिया। रक्तदान शिविर में कॉलेज वॉलंटियर्स, शिक्षकों तथा गैर-शिक्षण स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी और चारूल शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह आयोजन महाविद्यालय में स्वास्थ्य, जागरूकता, सामाजिक दायित्व और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ।





# 26. युवा मतदाता विचार गोष्ठी का आयोजन-

कानोड़िया पीजी महिमा महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग एवं महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 08 दिसम्बर 2025 को “मतदान का अधिकार : जनतंत्र का आधार” विषय पर युवा मतदाता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनेक महाविद्यालयों के एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। गोष्ठी में कानोड़िया पीजी महिमा महाविद्यालय से डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता एवं डॉ. रेणु शक्तावत ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक दायित्वों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन ने युवा मतदाताओं को सही निर्णय लेने, जिम्मेदार नागरिकता निभाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। विचार गोष्ठी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई और उपस्थित युवाओं में मतदाता जागरूकता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।




GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vrj6+wg5, Narayan Singh Rd, Rambagh, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.882597° Long 75.811386°
Monday, 08/12/2025 11:47 AM GMT +05:30
Google


State Election Commission Rajasthan
राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान
मतदाता जागरूकता कार्यक्रम
आधार वक्तव्य – श्री राजेश्वर सिंह, आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vrj6+wg5, Narayan Singh Rd, Rambagh, Jaipur,
Rajasthan 302015, India
Lat 26.882608° Long 75.811341°
Monday, 08/12/2025 12:01 PM GMT +05:30
Google


State Election Commission Rajasthan
राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान
मतदाता जागरूकता कार्यक्रम
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vrj6+wg5, Narayan Singh Rd, Rambagh, Jaipur,
Rajasthan 302015, India
Lat 26.882572° Long 75.811302°
Monday, 08/12/2025 11:47 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
Vrj6+wg5, Narayan Singh Rd, Rambagh, Jaipur,
Rajasthan 302015, India
Lat 26.882588° Long 75.811385°
Monday, 08/12/2025 11:42 AM GMT +05:30

# 27. गर्म वस्त्र संग्रह अभियान-

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) ईकाइओ द्वारा द आरंभ ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से 9 दिसंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक आयोजित गर्म वस्त्र संग्रह अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अभियान का उद्देश्य कड़ाके की ठंड से प्रभावित जरूरतमंद एवं वंचित लोगों को सहायता प्रदान करना तथा छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना था। पूरे सप्ताह महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पहनने योग्य ऊनी वस्त्र, जैकेट, स्वेटर, शॉल, टोपी और अन्य गर्म कपड़े NSS कक्ष के बाहर बने संग्रह केंद्र पर जमा कराए। प्राप्त वस्त्रों को NSS स्वयंसेवकों द्वारा छांटकर व्यवस्थित किया गया और द आरंभ ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों, श्रमिक वर्ग तथा असहाय बच्चों और वृद्धजनों तक पहुँचाया गया, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिली। महाविद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और छात्राओं को भविष्य में भी समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।




No one has ever become poor by GIVING ~ Anne Frank
NSS


Give with Love not leftovers
Small Donations Big Difference
THE AARAMBH
NSS
POWDER
FIRE


SPIC - MACAY
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
STUDENTS
NSS
Cloth Donation


STUDENTS UNION
COMMON ROOM
NSS
NSS


सर्दी की रातें लंबी हैं,
पर आपकी मदद किसी
की उम्मीद को जाग्रत कर
सकती है।
THE AARAMBH
NSS


SPIC-MACAY
STUDENTS
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
NSS



SPIC-MAC
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
INTERNAL COMPLAINT CELL-SC/ST
NSS
NSS
NSS
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
kanoria pg mahila Mahavidyalaya college, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885216° Long 75.811478°
Saturday, 13/12/2025 02:03 PM GMT +05:30
Google




SPIC-MACAY
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
INTERNAL COMPLAINT CELL-SC/S
NSS
NSS
NSS

## 28. ओटीएस (OTS) का भ्रमण-

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के स्वयंसेवकों ने आज ओटीएस (OTS) का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने सरकार के सफलतापूर्वक पूर्ण हुए दो वर्षों की उपलब्धियों और कार्य योजनाओं का सजीव अवलोकन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से प्रस्तुत की गई उपलब्धियाँ, योजनाएँ, डिजिटल नवाचार और विकास कार्यों को विस्तारपूर्वक दर्शाया गया। स्वयंसेवकों ने शासन की कार्यप्रणाली, नीतियों के ज़मीन पर क्रियान्वयन तथा जनहित में किए गए बहुआयामी प्रयासों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को बताया गया कि पिछले दो वर्षों में शासन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा ग्रामीण–शहरी विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस प्रस्तुति ने विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था के वास्तविक स्वरूप से भी परिचित कराया।स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रदर्शनी स्टालों का भ्रमण किया तथा अधिकारियों से संवाद स्थापित कर योजनाओं के प्रभाव और क्रियान्वयन की प्रक्रिया के बारे में प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया। इस भ्रमण ने छात्रों में शासन प्रणाली को समझने, नागरिक जिम्मेदारी निभाने और भविष्य में राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की भावना को और सशक्त किया।




बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
युवाओं को प्रोत्साहन
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
54/55, Jhalana Doongri, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.869728° Long 75.812171°
Friday, 12/12/2025 02:06 PM GMT +05:30
Google

## 9. प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन-

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 16 दिसम्बर, 2025 से 18 दिसम्बर, 2025 तक प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 40 किलो से भी ज्यादा प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को पुनर्नवीनीकरण एवं पुनर्चक्रण के लिए दिया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उसे पुनः उपयोग हेतु एकत्रित करना था और समाज को यह संदेश देना था कि "यूज्ड प्लास्टिक कचरा नहीं है, यह पुनः उपयोग योग्य है।" इस पहल से यह स्पष्ट किया गया कि प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण किया जाए तो यह पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के बजाय उपयोगी बन सकता है।



महाविद्यालय की छात्राओं के साथ सभी स्टाफ को भी प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने घरों से उपयोग की हुई प्लास्टिक की बोतलें और अन्य प्लास्टिक सामग्री इस अभियान में जमा करें। स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के महत्व को समझाया। "यूज्ड प्लास्टिक को कचरे में न फेंके, उसे पुनः उपयोग में लाएं" जैसे नारे लगाए गए। एकत्रित प्लास्टिक सामग्री को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ताकि इसे सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण के लिए भेजा जा सके। बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें, पॉलिथीन और अन्य प्लास्टिक सामग्री एकत्र की गई। इन सामग्रियों को आगे पुनर्चक्रण केंद्र भेजने की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया इस अभियान ने छात्राओं और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ा और प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया। इस पहल से न केवल प्लास्टिक कचरा कम हुआ, बल्कि पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी उठाया गया। महाविद्यालय की यह पहल अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी।

**KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA, JAIPUR**

*An initiative of the*

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL

&

NATIONAL SERVICE SCHEME

# Plastic Waste Collection Drive

16-12-2025 to 18-12-2025

Venue: Outside NSS Room

Time: 10 AM to 12:00 Noon

**USED PLASTIC is not waste.**
**It is RECYCLABLE.**

## 30. रन फॉर विकसित राजस्थान–2025 (रवि-राज)' कार्यक्रम का आयोजन-

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'रन फॉर विकसित राजस्थान–2025 (रवि-राज)' कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 7:00 बजे किया गया। इस कार्यक्रम का मार्ग अमर जवान ज्योति (जनपथ) के सामने से प्रारंभ होकर सवाई मानसिंह स्टेडियम का पूर्ण चक्कर लगाते हुए टोंक रोड से रामबाग सर्किल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्किल होते हुए पुनः अमर जवान ज्योति तक निर्धारित किया गया। इस आयोजन में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




रन फॉर
विकसित
राजस्थान
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


रन फॉर
विकसित
राजस्थान


वित्त भवन
रन फॉर


रन फॉर
विकसित
श्री नरेन्द्र मोदी
श्री भजनलाल शर्मा
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Bhagwan Das Rd, Near Amar Jawan Jyoti, High Court
Circle, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.89678° Long 75.80019°
Sunday, 21/12/2025 07:11 AM GMT +05:30
Google


रन फॉर
विकसित
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
62, Jan Path, Jaipur, Rajasthan 302019, India
Lat 26.895622° Long 75.79949°
Sunday, 21/12/2025 06:54 AM GMT +05:30


रन फॉर


रन फॉर
विकसित
राजस्थान
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय


KANORIA PG MAHILA


RSSC
ACADEMY

# 31. राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC)-

कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की तीन सजग स्वयंसेविकाओं—हिमांशी सम्भनानी, हिमांशी भगवती और कशिका धाकड़ ने राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC) में सक्रिय रूप से भाग लेकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा NSS क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित यह सात दिवसीय शिविर 25 से 31 दिसंबर, 2025 तक एस. एस. जैन सुबोध पी. जी. महाविद्यालय (स्वायत्तशासी), जयपुर में संपन्न हुआ। इस शिविर के  स्वयंसेविकाओं ने देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने वाली गतिविधियों में सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया। इन छात्राओं की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत कौशल और नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है, बल्कि सामुदायिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण को भी प्रमाणित करती है।




KNOWLEDGE CENTRE
M-COY-1
DDL
BINDER


KNOWLEDGE CENTRE


KNOWLEDGE CENTRE


GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
NSS REGIONAL DIRECTORATE, RAJASTHAN
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE (AUTONOMOUS), JAIPUR
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Main College Campus, S S Jain Subodh Pg
Autonomous College, Rambagh, Jaipur, Rajasthan
302004, India
Lat 26.895142° Long 75.810185°
Thursday, 25/12/2025 06:20 PM GMT +05:30
Google


vivo X90 Pro | ZEISS
Dec 28, 2025, 08:34


MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
NSS REGIONAL DIRECTORATE, RAJASTHAN
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE (AUTONOM
EK BHARAT ATMANIRBHAR BHARAT
Prof. Renu Joshi
Sh. V.C.Daga
Sh. S. P. Bhatnagar
Dr. Rajeshwar Singh






NATIONAL INTEGRATION CAMP 2025
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE (AUTONOMOUS), JAIPUR
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE


NATIONAL INTEGRATION CAMP 2025
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE (AUTONOMOUS), JAIPUR
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE

# 32. राजस्थान डिजीफेस्ट x TiE ग्लोबल समिट 2026-

कानोड़ियो पी .जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की NSS इकाइयों द्वारा JECC, जयपुर में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट x TiE ग्लोबल समिट 2026 में शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत सहभागिता की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से NSS स्वयंसेविकाओं को डिजिटल नवाचार, स्टार्ट-अप्स, उभरती तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग तथा डिजिटल परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उनकी तकनीकी जागरूकता, शैक्षणिक समझ एवं भविष्य की संभावनाओं के प्रति दृष्टिकोण विकसित हुआ। यह सहभागिता स्वयंसेविकाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक-तकनीकी चेतना को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुई।50 छात्राओं ने इसमें भाग लिया




COSPLAY
MARUTI SUZUKI ARENA
PRESENTS
GEEK COLLECT REPEAT
vivo V40e
01/05/2026, 13:48


vivo V40e


Rajasthan DigiFest
10th TiE GLOBAL SUMMIT
HOSTED BY TiE RAJASTHAN
DoIT&C
iSTART
JAIPUR
EXPO
ENTRY
SUPPORTED BY
KNOWLEDGE PARTNER
GOLD PARTNERS
DPIIT
PRIMUS PARTNERS
DUBAI INTERNET CITY
FORMIDIUM
JAIPUR COMIC CON

# 33. राज्य स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव 2025

**दिनांक: 7–12 जनवरी 2026**

कनोरिया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के स्वयं सेविकाओ ने राज्य स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव 2025 में दिनांक 7 से 12 जनवरी 2026 तक सक्रिय सहभागिता निभाई। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा, सांस्कृतिक विविधता, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आयोजन प्रबंधन, अनुशासन व्यवस्था तथा प्रतिभागियों के समन्वय जैसे कार्यों में उत्साहपूर्वक सहयोग किया। इस सहभागिता के माध्यम से स्वयं सेविकाओमें सामाजिक उत्तरदायित्व, टीम भावना एवं संगठनात्मक कौशल का विकास हुआ तथा यह अनुभव उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध हुआ।





# 34. सेना दिवस परेड–2026-

सेना दिवस परेड–2026 के अवसर पर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई की 100 स्वयंसेविकाओं ने गरिमामय रूप से ‘अवलोकन कार्यक्रम’ में सहभागिता की। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने भारतीय सेना की शौर्य, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को निकट से देखा और समझा।

परेड के दौरान सेना के विभिन्न दस्तों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित मार्च, सैन्य कौशल का प्रदर्शन तथा देश की सुरक्षा में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका का जीवंत प्रदर्शन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन का पालन करते हुए राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति एवं कर्तव्यबोध की भावना को आत्मसात किया।

इस अवलोकन कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेविकाओं में राष्ट्रप्रेम, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति जागरूकता का विकास हुआ। यह सहभागिता छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण एवं नागरिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक रही।








PTI


ARMY DAY

## 35. जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF) 2025 के दौरान जागरूकता आधारित स्टॉल

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF) 2025 के दौरान दिनांक 15 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक बिसलेरी इंटरनेशनल प्रा. लि. द्वारा एक जागरूकता आधारित स्टॉल स्थापित किया गया, इस कार्यक्रम में कानोरिया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की छात्राओं ने स्वयंसेविका के रूप में सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वयंसेविकाओं ने स्टॉल पर आने वाले आगंतुकों का स्वागत एवं मार्गदर्शन किया तथा सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। इसके साथ ही उन्होंने बिसलेरी द्वारा संचालित सामाजिक एवं पर्यावरणीय पहलों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ तथा उनके संचार कौशल, टीमवर्क, समय प्रबंधन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ।




BISLERI - BOTTLES FOR CHANGE
Bisleri bottles for change
A SMALL ACT. A BIG REWRITE.
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय

## 36. सरस्वती वंदन, युवा-विद्यार्थी संवाद एवं मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक का गरिमामय आयोजन

राजस्थान कॉलेज, जयपुर में बसंत पंचमी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर सरस्वती वंदन, युवा-विद्यार्थी संवाद एवं मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक का गरिमामय आयोजन किया गया। इस आयोजन में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना (NSS) इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष सरस्वती वंदन से हुआ, जिसमें विद्या, संस्कृति एवं ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया गया। इसके पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, राष्ट्रभक्ति, त्याग एवं अदम्य साहस पर प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए गए।

युवा-विद्यार्थी संवाद सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया गया। वहीं मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक के अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित किया गया




श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री भजन लाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
नौनिहालों को मिलेंगे खुशियों के उपहार
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोडिया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
Vrh6+29j, Sector 2, Gandhi Nagar, Jaipur,
Rajasthan 302015, India
Lat 26.877506° Long 75.811206°
Friday, 23/01/2026 10:45 AM GMT +05:30


बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर
सरस्वती वंदन, युवा-विद्यार्थी संवा
मेगा अभिभावक शिक्षक बैठक

# 37. राष्ट्रीय सेवा योजना (सात दिवसीय विशेष शिविर)

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (27 जनवरी से 2 फरवरी 2026) का आज दिनांक 27 जनवरी, 2026 को लाल कुंडा बस्ती स्थित सामुदायिक केंद्र में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता, राज्य संपर्क अधिकारी (स्टेट लाइजिंग ऑफिसर), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से जागरूक, आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करती है। शिविर के पहले दिन स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत सामुदायिक केंद्र एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। इसी क्रम में बस्तीवासियों को सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन आयोजित होने वाले निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर की जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामुदायिक विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। शिविर में 200 स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया







योजना
शिविर
महाविद्यालय, जयपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी.जी.
महिला महाविद्यालय
भारत




GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
43 To 48, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.864303° Long 75.823202°
Tuesday, 27/01/2026 11:49 AM GMT +05:30
Google

## द्वितीय दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष विषयक शिविर के द्वितीय दिवस पर सेवा, स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रमों का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। यह शिविर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल के सहयोग से बस्ती क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप मापन, शुगर जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही जरूरतमंद लोगों को नि: शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बस्तीवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ सुलभ कराना रहा।



चिकित्सा शिविर के अंतर्गत मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कनिका चौधरी द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकाओं एवं स्थानीय महिलाओं के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। अपने सत्र में डॉ. कनिका चौधरी ने पीसीओएस (PCOS – Polycystic Ovary Syndrome), किशोरियों एवं महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, मासिक धर्म स्वच्छता (Menstrual Hygiene), व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली पर विस्तार से जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने सर्वाइकल कैंसर, उसके कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा एचपीवी (HPV – Human Papilloma Virus) के बारे में भी सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी प्रदान की। डॉ. कनिका चौधरी ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने हेतु प्रेरित किया। उनका यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा।








KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA, JAIPUR
NATIONAL SERVICE SCHEME
Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
Jaipur
UNIT CODES
RJ-08-395-08

इसी क्रम में एनएसएस स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा बस्ती क्षेत्र में मतदान जागरूकता रैली एवं अभियान का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकों को अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने "पहले मतदान, फिर जलपान", "मतदान हमारा अधिकार है", "सशक्त लोकतंत्र की पहचान—मतदान" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।




GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Laal Kunda Basti Community Center, 43 To 48, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.864354° Long 75.82316°
Wednesday, 28/01/2026 11:31 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Vr6f+6fc, Jhalana Mahal, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.860809° Long 75.823883°
Wednesday, 28/01/2026 11:05 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
257, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.862925° Long 75.824015°
Wednesday, 28/01/2026 10:56 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
257, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.862911° Long 75.823995°
Wednesday, 28/01/2026 10:55 AM GMT +05:30
Google


KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA, JAIPUR
NATIONAL SERVICE SCHEME
Unit Codes
RJ-08-395-08 | RJ-08-396-09
दिवसीय विशेष शि
UNIT CODES
RJ-08-395-08
RJ-08-396-09


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
257, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.86288° Long 75.824021°
Wednesday, 28/01/2026 10:58 AM GMT +05:30
Google




द्वितीय दिवस के सभी कार्यक्रमों में एनएसएस स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं की सक्रिय सहभागिता, अनुशासन एवं सेवा-भावना सराहनीय रही। इन गतिविधियों के माध्यम से एनएसएस के आदर्श वाक्य "मैं नहीं, आप" की भावना को सार्थक रूप से चरितार्थ किया गया।


GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
Vr6f+6fc, Jhalana Mahal, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.860809° Long 75.823883°
Wednesday, 28/01/2026 11:05 AM GMT +05:30

# तृतीय दिवस (दिनांक: 29 जनवरी 2026) – शैक्षणिक भ्रमण

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस, दिनांक 29 जनवरी 2026 को स्वयंसेविकाओं के सर्वांगीण विकास, पर्यावरणीय जागरूकता एवं व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।




इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेविकाओं को जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूक करना था। भ्रमण के दौरान स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न वन्य जीवों, पक्षियों एवं वनस्पतियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। पार्क के विशेषज्ञों द्वारा जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, उनके संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा मानव–प्रकृति के परस्पर संबंधों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

भ्रमण के दौरान एनएसएस के आदर्श वाक्य “मैं नहीं, आप” को आत्मसात करते हुए स्वयंसेविकाओं को समाज एवं प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराया गया। स्वयंसेविकाओं ने अनुशासन, सामूहिकता, समयपालन एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व्यवहार का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास जैसे विषयों पर चर्चा भी की गई, जिससे स्वयंसेविकाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ।



यह शैक्षणिक भ्रमण स्वयंसेविकाओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस गतिविधि के माध्यम से एनएसएस के प्रमुख उद्देश्यों, व्यक्तित्व विकास, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया गया। तृतीय दिवस की यह गतिविधि स्वयंसेविकाओं के लिए एक यादगार अनुभव रही, जिसने उनमें पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा प्रदान की।



राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरूआत प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन ड्राइव से की गई। । इस दिवस का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।




स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेविकाओं द्वारा अपने-अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों से एकत्रित प्लास्टिक अपशिष्ट को महाविद्यालय परिसर में निर्धारित स्थान पर जमा किया गया। एकत्रित प्लास्टिक कचरे को पृथक-पृथक श्रेणियों में विभाजित किया गया तथा उसके उचित निस्तारण एवं पुनर्चक्रण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अभियान के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया गया।


NAHARGARH BIOLOGICAL PARK
Sisiyawas, Rajasthan, India
2v7f+hw7, Sisiyawas, Rajasthan 302028, India
Lat 27.014085° Long 75.874623°
Thursday, 29/01/2026 10:36 AM GMT +05:30
GPS Map Camera
Google


(Black Buck)
JICA
आप कैमरे की
नज़र में है।

## चतुर्थ दिवस दिनांक: 30 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का आयोजन 30 जनवरी 2026 को शहीद दिवस के रूप में किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को स्मरण किया।



इस दिवस पर स्वयंसेविकाओं ने जयपुर की विभिन्न गांधी संस्थाओं द्वारा आयोजित शांति एवं सद्भावना मार्च में सहभागिता की। यह मार्च सेंट्रल पार्क, जयपुर के गेट संख्या 3 से प्रारंभ होकर गांधी वाटिका तक आयोजित किया गया। मार्च के उपरांत आयोजित प्रार्थना सभा में गांधीजी के सत्य, अहिंसा एवं शांति के विचारों पर प्रकाश डाला गया।


शहीद दिवस - 30 जनवरी


BIRDS OF CENTRAL PARK




इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने गांधी वाटिका संग्रहालय का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें महात्मा गांधी के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान एवं आदर्शों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही आयोजित प्रदर्शनी में गांधीजी के जीवन दर्शन, स्वतंत्रता आंदोलन एवं उनके विचारों पर आधारित चित्रों एवं संदेशों का अवलोकन किया गया, जिससे स्वयंसेविकाएँ अत्यंत प्रेरित हुईं।

दिवस के अगले चरण में एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा सेंट्रल पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया तथा **"स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत"** का संदेश दिया गया।






दिवस के अंत में स्वयंसेविकाओं के बौद्धिक विकास हेतु प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चतुर्थ दिवस की सभी गतिविधियाँ एनएसएस के आदर्श वाक्य “मैं नहीं, आप” को चरितार्थ करती हुई सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह दिवस स्वयंसेविकाओं में देशप्रेम, अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने वाला रहा।



# पंचम दिवस

सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का आयोजन जवाहर नगर स्थित कच्ची बस्ती में किया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक समस्याओं के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा सामाजिक यथार्थ का अवलोकन करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा बस्ती में सर्वेक्षण एवं अवलोकन कार्य से की गई। यह सर्वेक्षण जनसांख्यिकीय लाभ (Demographic Dividend) एवं भारत सरकार तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की थीम पर आधारित रहा, जिसके माध्यम से युवाओं की भूमिका, सामाजिक जागरूकता तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी पर ध्यान केंद्रित किया गया।



इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा पाँच अलग-अलग टीमों के माध्यम से पाँच नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। इन नुक्कड़ नाटकों की थीम क्रमशः शिक्षा, महिला शिक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, नशा मुक्ति तथा जीवन मूल्यों एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित रही। नाटकों के माध्यम से शिक्षा के महत्व, बेटियों की शिक्षा एवं सशक्तिकरण, स्वच्छता अपनाने, नशे के दुष्परिणामों तथा सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। सभी नुक्कड़ नाटकों को बस्तीवासियों द्वारा सराहा गया तथा लोगों ने सक्रिय सहभागिता की।






पंचम दिवस के अंतर्गत नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा तैयार किए गए पोस्टर एवं नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया गया। साथ ही स्वयंसेविकाओं द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, युवा कल्याण एवं नशा मुक्ति से संबंधित भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस प्रकार पंचम दिवस की गतिविधियों के माध्यम से एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने समाज सेवा, जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया, जो स्वयंसेविकाओं के लिए अनुभववर्धक एवं समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।












GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Shop 38, Near Jawahar Nagar, Sector 2, Jawahar
Nagar, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.896948° Long 75.840615°
Saturday, 31/01/2026 12:17 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Shop 38, Near Jawahar Nagar, Sector 2, Jawahar
Nagar, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.89701° Long 75.840637°
Saturday, 31/01/2026 12:32 PM GMT +05:30
Google




गहलोत किराना स्टोर
नशा नहीं कोई शान है, ये तो मानवता का अपमान है !
घर परिवार बचाना है, नशा मुक्ति अपनाना है !


राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
पी. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Plot No 55, Mukesh Nagar, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.896102° Long 75.844372°
Saturday, 31/01/2026 11:42 AM GMT +05:30
Google


ॐ योगेश्वर महादेव
सामूहिक
भक्तजन


No
SMOKING
No
DRINKING

# षष्ठम दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का आयोजन कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के कॉलेज परिसर में किया गया। यह दिवस पूर्णतः सांस्कृतिक कार्यक्रमों को समर्पित रहा, जिसका उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था।







राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा यो
सात दिवसीय विशेष
कानोड़िया पी. जी. महिला महाविद्याल


राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
A Five Year Law College For Girls Address: Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Campus, Near Gandhi Circle, Vrp6+4rp, Jawahar Lal Nehru Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885504° Long 75.811943°
Sunday, 01/02/2026 01:08 PM GMT +05:30


राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
A Five Year Law College For Girls Address: Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Campus, Near Gandhi Circle, Vrp6+4rp, Jawahar Lal Nehru Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.8855° Long 75.811913°
Sunday, 01/02/2026 01:04 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya Main Campus,
Kanoria Pg Mahila Mahavidyalaya, Jawahar Lal Nehru
Marg, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.885443° Long 75.812022°
Sunday, 01/02/2026 12:10 PM GMT +05:30
Google

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विशेष रूप से नृत्य कार्यक्रम, प्रस्तुत किए गए। इन नृत्यों की थीम सामाजिक जागरूकता, नारी सशक्तिकरण, देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों पर आधारित रही। प्रत्येक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। स्वयंसेविकाओं ने अपनी कला, समर्पण एवं अनुशासन के माध्यम से दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शिविर में उत्साह, एकता एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वयंसेविकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क तथा रचनात्मकता का विकास हुआ। इस प्रकार एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का षष्ठम दिवस सांस्कृतिक चेतना, कला अभिव्यक्ति एवं महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा और सभी प्रतिभागियों के लिए स्मरणीय सिद्ध हुआ।

# सप्तम दिवस

सात दिवसीय विशेष शिविर (27 जनवरी से 2 फरवरी 2026) का आज दिनांक 2 फरवरी, 2026 को समापन किया गया। यह शिविर सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा समाज के वंचित वर्गों तक निःशुल्क सेवाएँ पहुँचाना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत, राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।



साथ ही उन्होंने पर्यावरण व अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने के लिये प्रेरित किया व स्वयंसेविकाओं द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन एवं सेवा भावना विकसित करते हैं, जो राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर जीवन मूल्यों, सामाजिक संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व का बोध कराती है। सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को व्यवहारिक रूप में समझा है। उन्होंने कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं को सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने के लिये प्रेरित किया। शिविर के दौरान लाल कुंडा एवं जवाहर नगर की बस्तियों में स्वच्छता अभियान, श्रमदान, सामाजिक सर्वेक्षण, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति रैली, महिला स्वास्थ्य जागरूकता सत्र, निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन ड्राइव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क एवं गांधी वाटिका संग्रहालय के शैक्षणिक भ्रमण से स्वयंसेविकाओं में पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रप्रेम एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित हुई।




सेवा योजना
वसीय विशेष शिविर
. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर
Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
Jaipur
NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT CODES
RJ-08-395-08
RJ-08-396-09


राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
कानोड़िया पी. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर
Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
Jaipur
NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT CODES
RJ-08-395-08
RJ-08-396-09
राष्ट्रीय सेवा योजना
कानोड़िया पी. जी.
महिला महाविद्यालय





475, Ground Floor Lane No. 5, Milky Way Lane,
Beside Love Over Coffee, Raja Park, Jaipur
M.: 8005591784
जयपुर के सुप्रसिद्ध चर्म रोग
विशेषज्ञ डॉ. संगीता साहरन की ओ.पी.डी सेवाएँ
Dr. Sangeeta Sahar

समापन दिवस पर द डर्माजॉइंट को. क्लिनिक के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में डॉ. विजय पिलानिया एवं डॉ. संगीता सहारण द्वारा जोड़ों, त्वचा एवं बालों से संबंधित समस्याओं पर परामर्श प्रदान किया गया। समग्र रूप से यह सात दिवसीय विशेष शिविर स्वयंसेविकाओं में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में पूर्णतः सफल रहा तथा महाविद्यालय और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में स्थापित हुआ





# 38. <u>“नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह 2026”</u>

1 मार्च 2026 को आयोजित “नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह 2026” में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से स्वयंसेवा करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यक्रम Eye Bank Society of Rajasthan के तत्वावधान में आयोजित किया गया था।






इस समारोह का उद्देश्य उन परिवारों को सम्मानित करना था, जिन्होंने अपने प्रियजनों के निधन के पश्चात नेत्रदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया, जैसे अतिथियों का स्वागत, पंजीकरण कार्य, कार्यक्रम संचालन में सहायता तथा प्रतिभागियों को आवश्यक मार्गदर्शन देना।

## 39. “अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026”

8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस International Women's Day के अवसर पर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाई की स्वयंसेविकाओं ने सामाजिक सेवा का सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं द्वारा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों के बीच 1500 सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए।




GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
283, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.863366° Long 75.823163°
Sunday, 08/03/2026 05:41 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
283, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.863342° Long 75.823127°
Sunday, 08/03/2026 05:40 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
283, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.86334° Long 75.823126°
Sunday, 08/03/2026 05:39 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
282, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.863168° Long 75.823712°
Sunday, 08/03/2026 05:46 PM GMT +05:30
Google


शुभ


GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
283, Ghat Ki Guni, Jaipur, Rajasthan 302017, India
Lat 26.863334° Long 75.823116°
Sunday, 08/03/2026 05:39 PM GMT +05:30
Google

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की तथा महिलाओं को नियमित रूप से सैनिटरी नैपकिन के उपयोग के लिए प्रेरित किया।






इस अभियान में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाई की स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# 40. <u>मौन दांडी मार्च यात्रा</u>

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई की स्वयंसेविकाओं ने 12 मार्च 2026 को गांधी वाटिका, जयपुर में आयोजित मौन दांडी मार्च यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी के दांडी मार्च की ऐतिहासिक स्मृति को जागृत करने तथा सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।




KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA
JAIPUR
GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
Central Park, Prithviraj Rd, Rambagh, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.902691° Long 75.81142°
Thursday, 12/03/2026 10:53 AM GMT +05:30


दांडी मार्च सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रतीक
GANDHI VATIKA
KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA
JAIPUR
GPS Map Camera
Google
Jaipur, Rajasthan, India
Wr27+q98, Central Park Jogging Path, Rambagh, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.902005° Long 75.813554°
Thursday, 12/03/2026 11:00 AM GMT +05:30




इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाएँ अनुशासित रूप से मौन मार्च में शामिल हुईं और समाज में शांति, एकता तथा गांधीवादी विचारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# 41. राजस्थान दिवस समारोह

राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में दिनांक 15 मार्च 2026 को "विकसित राजस्थान रन 2026" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राजस्थान के विकास, सामाजिक जागरूकता तथा राज्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन में विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के युवा, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड, माय भारत तथा अन्य सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




इस अवसर पर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविकाओं ने रन में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली, सामाजिक जागरूकता तथा "विकसित राजस्थान" के संकल्प को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।




राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन प्रस्तावित किया गया, जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, प्रदर्शनी तथा मेला आदि शामिल थे। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा राजस्थान की सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक उपलब्धियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया ।



# 42. रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने दिनांक 16 मार्च को समर्पण संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।







16वाँ विशाल
रविवार,
स्थान : ''मल्टी परपज
सेक्टर - 17, मेवाड़ अपार्टमेंट के सामने,


त्याग! सेवा! सहयोग! समानता! सम्मान!
समर्पण संस्था
...... मानवता के लिए समर्पित
(जरूरतमंद, असहाय व पीड़ित व्यक्तियों की सहायतार्थ)
16वाँ विशाल रक्तदान
रविवार, 15 मार्च 2026
स्थान : ''मल्टी परपज हॉल'' रावत पब्लिक स्कूल
सेक्टर - 17, मेवाड़ अपार्टमेंट के सामने, हल्दी घाटी मार्ग, प्रताप नगर, सांगानेर,

# 43. स्वच्छता अभियान

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाई स्वयंसेविकाओ ने 18 मार्च 2026 को सेंट्रल पार्क, जयपुर में स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने पार्क परिसर में सफाई कार्य किया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। उनके इस प्रयास से स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।








GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Central Park, Prithviraj Rd, Rambagh, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.903532° Long 75.811743°
Tuesday, 17/03/2026 10:06 AM GMT +05:30
Google

# 44. शहीद दिवस

22 मार्च 2026 को शहीद दिवस के अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने अमर जवान ज्योति पर श्रमदान कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने पूरे उत्साह के साथ परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए कचरा एकत्रित किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं की सेवा भावना, अनुशासन और देशभक्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दी।














GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
62, Jan Path, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.895155° Long 75.799392°
Sunday, 22/03/2026 08:04 AM GMT +05:30
Google










KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA
JAIPUR
SHAHEED DIWAS
श्रमदान
22 March 2026 | Amar Jawan Jyoti Janpath, Jaipur
MY BHARAT MY RESPONSIBILITY


SHAHEED DIWAS
श्रमदान
22 March 2026 | Amar Jawan Jyoti Janpath, Jaipur
MY BHARAT MY RESPONSIBILITY


SHAHEED DIWAS
श्रमदान
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
62, Jan Path, Jaipur, Rajasthan 302015, India
Lat 26.895173° Long 75.799402°
Sunday, 22/03/2026 08:04 AM GMT +05:30
Google

# विशेष उपलब्धियाँ

## 1. राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

दिनांक 24 मार्च] 2026 को कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु राजस्थान सरकार के कॉलेज शिक्षा विभाग] राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान महाविद्यालय को समाज-सेवा] जन-जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा प्रशस्ति-पत्र दिया किया।




इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री माननीय श्री महेंद्र कपूर, कॉलेज शिक्षा राजस्थान सरकार के संयुक्त निदेशक (अकादमिक) विजयसिंह जाट] राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक] एस पी भटनागर, राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक कृष्ण कुमार कुमावत उपस्थित रहे। वर्ष 1971 से संचालित इस योजना के माध्यम से महाविद्यालय ने “स्वयं से पहले आप” के मूल मंत्र को अपनाते हुए समाजोपयोगी कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। सत्र 2024&25 में महाविद्यालय की चार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों में पंजीकृत 400 स्वयंसेविकाओं ने स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण] महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता एवं आपदा प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस दौरान

रक्तदान शिविर, महिला स्वास्थ्य जांच, नशा-मुक्ति अभियान एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही] 5000 से अधिक व्यक्तियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रदान कर जीवन-रक्षक कौशल का प्रसार किया गया। पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत 'हरियालो राजस्थान' अभियान में 11]000 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।



'बॉटल्स फॉर चेंज' अभियान के तहत लगभग 1000 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रह कर 'वेस्ट-टू-वेल्थ' की अवधारणा को साकार किया गया। इसके अतिरिक्त 'स्वच्छ जयपुर-ग्रीन जयपुर' अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सफाई एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सामाजिक समावेशन की दिशा में गोद ली गई कच्ची बस्ती में निःशुल्क कंप्यूटर केंद्र संचालित कर पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ा गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हमारी स्वयंसेविकाओं के समर्पण, अनुशासन और सेवा-भाव का परिणाम

है। यह सम्मान हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा के साथ निभाने के लिए प्रेरित करेगा।" इसके साथ ही भविष्य में भी समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। यह सम्मान महाविद्यालय की उत्कृष्ट कार्यशैली एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

## 2. राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC)-

कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की तीन सजग स्वयंसेविकाओं—हिमांशी सम्भनानी, हिमांशी भगवती और कशिका धाकड़ ने राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC) में सक्रिय रूप से भाग लेकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा NSS क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित यह सात दिवसीय शिविर 25 से 31 दिसंबर, 2025 तक एस. एस. जैन सुबोध पी. जी. महाविद्यालय (स्वायत्तशासी), जयपुर में संपन्न हुआ। इस शिविर के स्वयंसेविकाओं ने देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने वाली गतिविधियों में सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया। इन छात्राओं की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत कौशल और नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है, बल्कि सामुदायिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण को भी प्रमाणित करती है।




KNOWLEDGE CENTRE


KNOWLEDGE CENTRE


KNOWLEDGE CENTRE


GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
NSS REGIONAL DIRECTORATE, RAJASTHAN
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE (AUTONOMOUS), JAIPUR
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Main College Campus, S S Jain Subodh Pg Autonomous College, Rambagh, Jaipur, Rajasthan 302004, India
Lat 26.895142° Long 75.810185°
Thursday, 25/12/2025 06:20 PM GMT +05:30
Google


vivo X90 Pro | ZEISS
Dec 28, 2025, 08:34


MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
NSS REGIONAL DIRECTORATE, RAJASTHAN
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE
EK BHARAT ATMANIRBHAR BHARAT
Prof. Renu Joshi
Sh. V.C.Daga
Sh. S. P. Bhatnagar
Dr. Rajeshwar Singh






NATIONAL INTEGRATION CAMP 2025
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE (AUTONOMOUS), JAIPUR
S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE


NATIONAL INTEGRATION CAMP 2025

# कानोड़िया कॉलेज में एनएसएस का ओरिएंटेशन सत्र आयोजित



इंडिया न्यूज़ नेटवर्क . जयपुर | कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों की ओर से विशेष शिविर एवं ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से नेत्रदान जागरूकता शिविर, सेंटर फॉर साइट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर तथा माय भारत पोर्टल पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी ने प्रतिभागियों को नेत्रदान प्रतिज्ञा दिलाई। आई बैंक सोसाइटी जॉइंट सेक्रेटरी उषा बाफना एवं कार्यकारी सदस्य सौरभ कोंसुल ने कॉर्निया ट्रांसप्लांट के बारे में बताया एवं अनुभव साझा किए तथा नेत्रदान पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सेंटर फॉर साइट के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आंखों की जांच कर नेत्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। इसमें 450 लोग लाभान्वित हुए। माय भारत पोर्टल पर नए पंजीकृत स्वयंसेविकाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु शक्तावत की ओर से प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए।

## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी

# छात्राओं को पढ़ाई के साथ मनन कर क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए : बैरवा

समाचार जगत न्यूज



**जयपुर.** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कॉलेज की शुरुआत से लेकर 61 वर्षों के सफर को दर्शाया गया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा आयुक्त ओपी बैरवा रहे। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बौद्धिक क्षमता बढ़ाने और समय प्रबंधन सीखना बहुत जरूरी है। साथ ही कहा कि छात्राओं को पढ़ने के साथ ही मनन करना चाहिए और अपनी क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और महाविद्यालय के इतिहास का संक्षिप्त परिचय दिया, वहीं, निदेशक डॉ.रश्मि चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी कई पूर्व छात्राएं आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं और महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रही हैं। इतिहास को याद करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न महिला आंदोलनों में इस महाविद्यालय की विशेष भूमिका रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 11 हजार पौधरोपण व वितरण का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि बैरवा ने पौधरोपण कर इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई व पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव भी साझा किए।

### केक काटकर उत्सव मनाया

नवागंतुक छात्राओं को महाविद्यालय के इतिहास की कुछ झलकियां दिखाई गई और केक काटकर यह उत्सव मनाया गया। उप प्राचार्य डॉ. मनीषा माथुर ने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव विमल कुमार भाटिया, उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. रंजुला जैन, डॉ. मनीषा माथुर, डॉ. रंजना अग्रवाल के साथ महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं एवं लगभग 500 छात्राएं समारोह में मौजूद रहीं। संचालन डॉ. शीताभ शर्मा और डॉ. आंचल पुरी ने किया।

# योग दिवस : विशेष योग कक्षाएं आरंभ

इंडिया न्यूज़ . जयपुर | कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में निःशुल्क ऑनलाइन योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन विशेष सत्रों का संचालन योग प्रशिक्षिका वैशाली जैन कर रही हैं। इन योग कक्षाओं में महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा समाज के अन्य इच्छुक सदस्यों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रूप से सशक्त बनाना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सीमा अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है जो अनुशासन, संतुलन और जागरूकता की भावना को विकसित करता है। इस आयोजन के माध्यम से छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने के साथ-साथ योग के प्रति उनकी रुचि को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आंचल पुरी ने बताया ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करते हैं और उनकी एकाग्रता एवं उत्पादकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।



# कानोड़िया महाविद्यालय

# स्वयंसेविकाओं ने पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर मनाया रक्षापर्व



**कामयाब कलम, जयपुर**

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा रक्षाबन्धन के पर्व पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, गांधीनगर पुलिस थाना एवं ट्रैफिक पुलिस से पुलिसकर्मियों को आमंत्रित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने रक्षासूत्र बांधकर उन्हें रक्षाबन्धन के पवित्र पर्व पर सस्नेह अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से सभी पुलिसकर्मियों द्वारा महाविद्यालय को सदैव सतत् सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयंसेविकाओं ने स्नेहपूर्वक सभी महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में मेंहदी लगाकर व सभी को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का पर्व मनाया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की मंजू चौधरी जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें हमेशा अपने आप पर भरोसा रखने व अपने हक के लिए सचेत रहने को कहा। गांधीनगर थाने की एसआई राजकुमारी जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए यह विश्वास दिलाया कि पुलिस भी आमजन की तरह ही है, व हमेशा लोगों की मदद करने हेतु समर्पित है। स्वयंसेविकाओं को पुलिस सेवा में अपना करियर बनाने के लिए भी उन्होंने प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, महिमा रामचन्दानी एवं चारूल शर्मा ने किया।

खास खबर.com
Aug 8, 2025 3:38 pm

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयों ने रक्षाबंधन के अवसर पर एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, गांधीनगर पुलिस थाना और ट्रैफिक पुलिस के जवानों और अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और उन्हें अपने परिवार का सदस्य बनाया।

इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में मेहंदी भी लगाई गई, जिससे यह पर्व और भी खास बन गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कॉलेज को हमेशा सहयोग देने के लिए पुलिस विभाग की सराहना की। इस अवसर पर, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की मंजू चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा खुद पर भरोसा रखना चाहिए और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। गांधीनगर थाने की एसआई राजकुमारी ने छात्राओं को बताया कि पुलिस भी आम लोगों की तरह ही है और हमेशा मदद के लिए तत्पर रहती है।
उन्होंने छात्राओं को पुलिस सेवा को करियर के रूप में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, महिमा रामचन्दानी और चारुल शर्मा के सहयोग से किया गया।

# कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाइयों ने आयोजित किया एक दिवसीय शिविर

khaskhabar.com: गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 5:13 PM (IST)



**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 120 स्वयंसेविकाओं ने जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित "नवीन अपराधिक कानून, 2023 (क्रियान्वयन व जागरूकता प्रदर्शनी)" का अवलोकन किया। "नव विधान, न्याय की नई पहचान" (13 से 18 अक्टूबर 2025) शीर्षक से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया, जिसमें राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधि मंत्री, मुख्य सचिव एवं न्यायाधीश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय : एक दिवसीय विशेष शिविर एवं ओरिएंटेशन सत्र का हुआ आयोजन



**कामयाब कलम, जयपुर**

06 सितम्बर 2025 को कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर एवं ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस शिविर में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से नेत्रदान जागरूकता शिविर, सेंटर फॉर साइट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर तथा माय भारत पोर्टल पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है, जिससे व्यक्तियों को नई रोशनी मिल सकती है और ऐसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी ने प्रतिभागियों को नेत्रदान प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर आई बैंक सोसाइटी जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती उषा बाफना एवं कार्यकारी सदस्य श्री सौरभ कोंसुल ने कॉर्निया ट्रांसप्लांट के बारे में बताया एवं अनुभव साझा किए तथा नेत्रदान पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सेंटर फॉर साइट के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आंखों की जांच कर नेत्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया, जिसमें सेंटर फॉर साइट के दिलीप कुमार धर्माणी का विशेष सहयोग रहा। माय भारत पोर्टल पर नए पंजीकृत स्वयंसेविकाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु शक्तावत द्वारा प्रदान किया गया और पंजीकरण के बाद कार्यक्रम अधिकारी महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा ने विवरण का सत्यापन किया। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी एवं डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता ने छात्राओं को ओरिएंटेशन सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया और नेत्रदान के बारे में जागरूक किया। इस शिविर में छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं महाविद्यालय कर्मचारियों ने निःशुल्क आंखों की जांच कराई, नेत्र स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर 450 लोग लाभान्वित हुए।



दैनिक भास्कर
भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

**रक्षाबंधन पर्व पर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की पहल:** छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, महिला पुलिसकर्मियों के ह... **Read more**




7 0
Afrikaans

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) ईकाईओ द्वारा एन.एस.एस. के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत एक व्यापक प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । इस अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा 66 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया, जिसे पुनर्नवीनीकरण एवं पुनर्चक्रण हेतु बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं, स्टाफ एवं समाज में प्लास्टिक कचरे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा यह संदेश देना था कि "...ड प्लास्टिक कचरा नहीं है, बल्कि पुनः उपयोग योग्य संसा... अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ को भी अपने घरों से उप... गई प्लास्टिक बोतलें, पॉलिथीन एवं अन्य प्लास्टिक सामग्री एकत्र

# समाज के वंचित वर्गों तक निःशुल्क सेवा

Yugcharan
1 day ago



कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। यह शिविर सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा समाज के वंचित वर्गों तक निःशुल्क सेवाएँ पहुँचाना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत, राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण व अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने के लिये प्रेरित किया व स्वयंसेविकाओं द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन एवं सेवा भावना विकसित करते हैं, जो राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर जीवन मूल्यों, सामाजिक संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व का बोध कराती है। सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने समाज अपने कर्तव्यों को व्यवहारिक रूप में समझा है। उन्होंने का क्रम में स्वयंसेविकाओं को सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने प्रेरित किया। शिविर के दौरान लाल कुंडा एवं जवाहर न

# कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

khaskhabar.com: सोमवार, 02 फ़रवरी 2026 4:45 PM (IST)



**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 का 2 फरवरी को समापन किया गया। यह शिविर सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा समाज के वंचित वर्गों तक निःशुल्क सेवाएँ पहुँचाना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत, राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण व अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने के लिये प्रेरित किया व स्वयंसेविकाओं द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना

# कानोड़िया की छात्राओं ने जुटाया 12.7 किलो प्लास्टिक कचरा



**जयपुर**। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से ग्लोबल रीसाइक्लिंग डे पर सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सेंट्रल पार्क में प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान चलाया गया। अभियान में महाविद्यालय की 20 छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पार्क परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते हुए कुल 12.7 किलो कचरा संग्रहित किया। एकत्रित प्लास्टिक को पुनर्नवीनीकरण के लिए बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया। प्राचार्य डॉ.सीमा अग्रवाल एवं उप प्राचार्य डॉ.रंजना अग्रवाल ने प्रतिभागियों के सक्रिय सहयोग की सराहना की।

# कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को मिला राज्य स्तरीय सम्मान




**जयपुर, समाचार जगत न्यूज.** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को समाज सेवा, जन-जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान राज्य स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, कॉलेज शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक (अकादमिक) विजय सिंह जाट, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एस.पी. भटनागर तथा राज्य समन्वयक कृष्ण कुमार कुमावत भी उपस्थित रहे। वर्ष 1971 से संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय ने "स्वयं से पहले आप" के मूल मंत्र को अपनाते हुए समाजोपयोगी कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। सत्र 2024-25 में महाविद्यालय की चार एनएसएस इकाइयों में पंजीकृत 400 स्वयंसेविकाओं ने स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता एवं आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। इस दौरान रक्तदान शिविर, महिला स्वास्थ्य जांच, नशा-मुक्ति अभियान और कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही 5000 से अधिक लोगों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देकर जीवन-रक्षक कौशल का प्रसार किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत 'हरियालो राजस्थान' अभियान में 11 हजार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। 'बॉटल्स फॉर चेंज' अभियान के माध्यम से करीब 1000 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर 'वेस्ट-टू-वेल्थ' की अवधारणा को साकार किया गया। 'स्वच्छ जयपुर-ग्रीन जयपुर' अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर सफाई और जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

एनएसएस: कानोड़िया कॉलेज पुरस्कृत

# उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान सरकार के कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से राज य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने महाविद्यालय को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने सत्र 2024-25 में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। इसके अलावा 'स्वच्छ जयपुर-ग्रीन जयपुर' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सीमा अग्रवाल ने इसे स्वयंसेविकाओं के समर्पण का परिणाम बताया।

# कानोड़िया कॉलेज को राज्य स्तरीय सम्मान




**जयपुर**। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को समाज सेवा, जन जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान राज्य स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रशस्ति पत्र देकर प्रदान किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, कॉलेज शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक (अकादमिक) विजय सिंह जाट, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एस.पी.भटनागर तथा राज्य समन्वयक कृष्ण कुमार कुमावत भी उपस्थित थे।

# कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को मिला राज्य स्तरीय सम्मान




**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को समाज सेवा, जन-जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से राज्यस्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान राज्यस्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, कॉलेज शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक (अकादमिक) विजय सिंह जाट, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एस.पी. भटनागर तथा राज्य समन्वयक कृष्ण कुमार कुमावत भी उपस्थित रहे। वर्ष 1971 से संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय ने 'स्वयं से पहले आप' के मूल मंत्र को अपनाते हुए समाजोपयोगी कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है।

सत्र 2024-25 में महाविद्यालय की चार एनएसएस इकाइयों में पंजीकृत 400 स्वयंसेविकाओं ने स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता एवं आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। इस दौरान रक्तदान शिविर, महिला स्वास्थ्य जांच, नशा-मुक्ति अभियान और कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही 5000 से अधिक लोगों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देकर जीवन-रक्षक कौशल का प्रसार किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत 'हरियालो राजस्थान' अभियान में 11 हजार पौधों का पौधरोपण किया गया। 'बॉटल्स फॉर चेंज' अभियान के माध्यम से करीब 1000 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर 'वेस्ट-टू-वेल्थ' की अवधारणा को साकार किया गया। 'स्वच्छ जयपुर-ग्रीन जयपुर' अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर सफाई और जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

दैनिक भास्कर

जयपुर 27-03-2026

## कानोड़िया कॉलेज; NSS कार्यों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार

**जयपुर** | कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य सरकार के कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। महाविद्यालय की 4 NSS इकाइयों की 400 स्वयंसेविकाओं ने सत्र 2024-25 में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, डिजिटल साक्षरता और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए।

कानोड़िया कॉलेज; NSS कार्यों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार

जयपुर | कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य सरकार के कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। महाविद्यालय की 4 NSS इकाइयों की 400 स्वयंसेविकाओं ने सत्र 2024-25 में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, डिजिटल साक्षरता और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए।